प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान किया शुरू, संभावित ठिकानों पर की जा रही छापेमारी।**

2. **मंत्री बन्ना गुप्ता, दीपिका पांडेय सिंह, सत्यानंद भोक्ता और वैधनाथ राम ने संभाला पदभार, कहा–राज्य में विकास हमारी पहली प्राथमिकता।**
3. **झारखंड के पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा जिले में कुछ ही घंटों में बारिश का पूर्वानुमान, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।**
4. **24वीं झारखंड राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हजारीबाग के 27 खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन...11 खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक,13 खिलाड़ियों को रजत और 3 ने पाया कांस्य पदक।**

****

सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान शुरु किया है..संभावित इलाकों में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है....झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड पुलिस लगातार.नक्सलियों को लेकर पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है।

****

मंत्री बन्ना गुप्ता ने आज रांची के नेपाल हाउस स्थित कार्यालय में एक बार फिर से स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री का पदभार ग्रहण किया। साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण विभागीय योजनाओं की जानकारी भी ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को अधिक से अधिक और बेहतर सुविधा मिले यह उनकी प्राथमिकता है।

****

राज्य के श्रम एवं नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने आज पदभार ग्रहण किय।इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस विभाग में साढ़े चार वर्षो का उन्हें काम का अनुभव है। राज्य सरकार के संसाधनों और मापदंड के अनुसार आगे भी काम किया जाएगा। इधर मंत्री बैद्यनाथ राम ने आज उत्पाद विभाग का जिम्मा संभाल लिया है। मंत्री ने कहा कि सही तरीके से राजस्व का संग्रह हो और अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगे यह उनकी प्राथमिकता है।

****

कृषि और पशुपालन विभाग की मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने आज अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसानों के खेत तक पानी पहुंचाना उनका लक्ष्य है। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य के किसानों के ऊपज को बढ़ाना और उनकी आमदनी को दोगुना करना उनकी प्राथमिकता सूची में है। इसके अलावा जो किसान सुखाड़ और फसलों के नुकसान से प्रभावित हुए हैं, उन्हें समय पर मुआवजा मिले उस दिशा में सरकार काम करेगी।

****

झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और गिरिडीह के 20 सूत्री प्रभारी मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि जल्द ही गिरिडीह नगर–निगम वासियों को रांची राजधानी की तरह नागरिक सुविधाएं मिलेगी। वहीं गिरिडीह में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने अधिकारियों को इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। इधर डीसी नमन प्रेयस लकड़ा ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री आवास शहरी समेत केंद्र सरकार की अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई। सभी योजनाओं का युद्धस्तर पर जमीन पर उतारने का निर्देश मंत्री ने अधिकारियों को दिया।

****

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा के तिलैया बाईपास में एनएच–20 के निर्माणाधीन फोरलेन सड़क का आज निरीक्षण किया..निरीक्षण के दौरान निर्माण में हो रही देरी के साथ–साथ लापरवाही के लिए एनएच के अधिकारियों से कड़ी नाराजगी जताई। मंत्री अन्नपूर्णा ने एनएच के निर्माण में जो भी खामियां पाई गई है, उसे जल्द से जल्द ठीक करने का निर्देश दिया है।

****

झारखंड के पलामू समेत चार जिलों में कुछ ही घंटे में बारिश होने की संभावना है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वानुमान के मुताबिक पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा जिले के कुछ भागों में अगले एक से तीन घंटे में गरज के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका व्यक्त की गयी है। मौसम विभाग ने इसे देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है और सतर्क रहने की सलाह दी है।

****

बोकारो जिले में कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंग अनुपात पर रोक लगाने की तैयारी चल रही है।

****

साहिबगंज के उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में मोबाइल टावर कनेक्टिविटी को लेकर समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिला में अधिष्ठापित एवं क्रियाशील टावरों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने आगामी विधानसभा निर्वाचन के कार्यों में समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसे लेकर खराब बीएसएनएल नेटवर्क को ठीक करने का निर्देश दिया।

****

जामताड़ा के समाहरणालय सभा कक्ष में स्वच्छ भारत मिशन के तहत आज उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की स्थिति और प्रगति को लेकर किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गई। साथ ही आवश्यक दिशा– निर्देश भी दिए गए।

****

हजारीबाग के संत कोलंबा महाविद्यालय मैदान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय द्वारा 12 जुलाई को एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। नियोजन पदाधिकारी ज्योत्सना दास ने बताया कि इसमें 24 स्थानीय और हजारीबाग के बाहर से आए नियोजक शामिल होंगे। जिसमें 4 हजार रिक्तियों के विरुद्ध संभावित मानव संसाधन की तलाश किया जाएगा।

****

पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने कुचाई एवं खरसावां थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों से थाना क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था एवं अपराध मुक्त वातावरण बनेगी।

****

रांची के आइडियल इंटरनेशनल स्कूल दलदली में झारखंड ताइक्वांडो संघ की ओर से 24वीं झारखंड राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग के 35 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। वहीं महिला एवं पुरुष वर्ग में 27 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण, 13 रजत और 3 कांस्य पदक प्राप्त किया।

********समाप्त********